आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि तीन वर्षों में हिमाचल ने प्राकृतिक, राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए व्यवस्था परिवर्तन की नई राह बनाई है। आज हो रहे सम्मेलन में सरकार द्वारा विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की शुरूआत की जाएगी।

कांग्रेस सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर आज पड्डल मैदान में होने वाली जनसंकल्प सम्मेलन के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राहकोट सामूहिक राहत केंद्र जनता को समर्पित करेंगे और माय डीड पोर्टल, नक्शा योजना, डिजिटल जमाबंदी, मॉड्यूल, भू नक्शा–पांच तथा ग्रामीण बैंक का लोगो भी लॉन्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना के लाभार्थियों को डीबीटी ट्रांसफर करेंगे और आपदा प्रभावित जिलों को विशेष राहत राशि प्रदान की जाएगी। ई–टैक्सी वितरण, विदेशों में रोज़गार के इच्छुक युवाओं को एयर टिकट, वीजा तथा विभिन्न योजनाओं में मत्स्य पालन, मधु मांडव, पुष्प क्रांति के लाभार्थियों को सहायता दी जाएगी। सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानियों और महिला कबड्डी विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन ने मैदान को सेक्टरों में बांधकर अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है। आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार के 3 साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज आयोजित होने वाले वाले जश्न को जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में जनता से किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है और अब एक बार फिर लोगों को गुमराह करने के लिए जश्न का नाम बदलकर जन संकल्प सम्मेलन रख दिया जो मात्र सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास है।

मुख्य सचिव

सरकार नशा मुक्ति को केवल कानून की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास के रूप में भी देख रही है। इसके अलावा सरकार ने नशे के खिलाफ़ सख्ती से निपटने का अभियान चलाया है तथा नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। ये बात प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कल कुल्लू के भुंतर में सरकारी डि–एडिक्शन सेंटर (इरका) का निरीक्षण करने के बाद

कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं में भी नशे की समस्या बढ़ रही है। इस दिशा में भुंतर स्थित महिला नशा निवारण और पुनर्वास केंद्र जैसी संस्थाएं एक दूरदर्शी कदम सिद्ध होगी। संजय गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में इस केंद्र में सैकड़ों महिलाएँ उपचार, परामर्श और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं।

<u>एनसीसी</u>

प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक वायरस –80 माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट सिमुलेटर का उद्घाटन कल कुल्लू के विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर ने किया जिससे प्रदेश में एनसीसी कैडेट्स के लिए उड़ान प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की एक आधुनिक सुविधा की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सुविधा कैडेट्स के ज्ञान, आत्मविश्वास और भविष्य में सशस्त्र बलों में करियर के लिए उनकी तैयारी में मददगार सिद्ध होगी, जिससे क्षेत्र के 1100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को सीधा लाभ मिलेगा।

<u>सरस मेला</u>

प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आज से शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर दस दिवसीय हिम ईरा सरस मेला व फूड कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के एक सौ दो स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और हस्तशिल्प कारीगरों के लिए अपने उत्पादों की बिक्री का एक मंच प्राप्त होगा।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में शुष्क ठंड का दौर जारी है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान में लगातार आ रही गिरावट से नदी–नाले और पेयजल स्रोत जमने लगे हैं वहीं लंबे समय से वर्षा न होने के कारण रबी की फसल प्रभावित होने लगी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक मौसम में किसी भी तरह के बदलाव से इनकार किया है।

<u>स्मृति जम्वाल</u>

कांगड़ा जिला की नूरपुर की सिंबली पंचायत की एथलीट स्मृति जम्वाल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

स्मृति की इस उपलब्धि से प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। हाल ही में जयपुर में हुए खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्मृति जम्वाल ने दो सौ मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक और सौ मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। स्थानीय लोगों ने भी स्मृति की इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।